Ambassador’s speech on the occasion of World Hindi Day 10 January, 2024

नमस्कार! सभी को सादर अभिनन्दन

विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर सभी उपस्थित लोगो को हार्दिक शुभकामनाये|

जैसे की हम सब जानते है, 10 जनवरी को दुनिया भर में हिंदी भाषा, जो विश्व की चौथी सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है, को बढ़ावा देने के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है | इसका उद्देश्या हिंदी भाषा का प्रचार करना और अपनी मातृभाषा के प्रति लोगो को जागरूक करना है |

इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है कि स्वयं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी इस प्रयास में सबसे ज्यादा अग्रसर हैं चाहे वो संयुक्त राष्ट्र में वक्तव्य की बात हो या कोई और अंतरराष्ट्रीय मंच। और अभी हमने प्रधानमंत्री जी की हिंदी के बारे में विचारधारा भी सुनी | अब मैं उनके द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर दिए गए संदेश को पढ़ना चाहूंगा |

इस वर्ष विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दूतावास ने सभी 26 भारतीय स्कूलों के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था, जैसे कि इंडियन एजुकेशन स्कूल में निबंध लेखन, यूनाइटेड इंडियन स्कूल और सालमिया इंडियन मॉडल स्कूल में कविता पाठ और एफएआईपीएस-डीपीएस में वाद-विवाद प्रतियोगिता। ये प्रतियोगिताएं 2 श्रेणियों में आयोजित की गईं, श्रेणी 1 में कक्षा 5 से 8 के लिए, और श्रेणी 2 में कक्षा 9 से 12 के लिए। मैं उन सभी की सराहना करता हूं जिन्होंने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और उन सभी को बधाई देता हूं जो विजेता बने।

हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि हिंदी कुवैत के विश्वविद्यालय जैसे कुवैत विश्वविद्यालय या गल्फ यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पढाई जा सके।

अंत में मैं ये कहना चाहूंगा की हिंदी ना केवल हमारी राजभाषा और मातृभाषा है बल्की ये राष्ट्र की अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। मैं आप सभी को एकबार फिर से विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

*****